# राजकीय महाविद्यालय अमोड़ी (चम्पावत) की बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान

## विशिष्ट भूमिका–

राजकीय महाविद्यालय अमोरी ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत छात्राओं के सशक्तिकरण और शिक्षा को बढ़ावा देने में एक महत्वपूर्ण और विशिष्ट भूमिका निभाई है। इस अभियान के तहत कॉलेज द्वारा कई जागरूकता कार्यक्रम, कार्यशालाएँ और गतिविधियाँ आयोजित की गईं, जिनका मुख्य उद्देश्य लड़कियों की शिक्षा को बढ़ावा देना और उनके अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करना रहा है।

**प्रमुख कार्य और गतिविधियाँ–**

**साक्षरता और शिक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम–** महाविद्यालय ने लड़कियों और उनके परिवारों में शिक्षा के महत्त्व को जागरूक करने के लिए नियमित कार्यक्रम और रैलियों का आयोजन किया। इसमें स्थानीय समुदाय को शामिल कर बेटियों की शिक्षा और सुरक्षा के प्रति उनकी भागीदारी को प्रोत्साहित किया गया।

**स्वास्थ्य और स्वच्छता पर विशेष ध्यान–** बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत लड़कियों के स्वास्थ्य और स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया गया। महाविद्यालय में सेनेटरी नैपकिन वेंडिंग मशीन और डिस्पोजल मशीन स्थापित की गई, ताकि छात्राएँ स्वच्छता के प्रति जागरूक हो सकें और उन्हें शारीरिक समस्याओं से निपटने में सहायता मिल सके।

**महिला सशक्तिकरण पर कार्यशालाएँ–** महाविद्यालय ने महिला सशक्तिकरण और स्वावलंबन के लिए कई कार्यशालाएँ आयोजित कीं, जिनमें आत्मरक्षा, कैरियर काउंसलिंग, और कानूनी अधिकारों के बारे में जानकारी दी गई। इन कार्यशालाओं ने छात्राओं को मानसिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाने में मदद की।

**सामाजिक गतिविधियों में भागीदारी–** महाविद्यालय की छात्राओं को एनएसएस, एनसीसी और विभिन्न सामाजिक गतिविधियों में शामिल किया गया। इससे उन्हें समाज के प्रति अपने कर्तव्यों और नैतिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक किया गया।

**प्रतियोगिताओं और अभियानों में भागीदारी**– कॉलेज ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ से संबंधित निबंध, पोस्टर, भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। इससे छात्राओं को अपनी क्षमताओं को प्रदर्शित करने और सामाजिक मुद्दों पर अपनी सोच विकसित करने का अवसर मिला।

राजकीय महाविद्यालय अमोड़ी (चम्पावत) ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय रूप से योगदान दिया है, जिससे न केवल छात्राओं बल्कि समाज में भी लड़कियों की सुरक्षा और शिक्षा के महत्त्व को लेकर सकारात्मक बदलाव देखने को मिला है।



Sanitary Pad Vending Machine For College Female Students



Sanitary Pad Vending Machine For College Female Students



Doctor Anita Chand giving advice to girls students for healthy life.




College Girls taking the pledge of protect my dignity and self-respect.




Female EDP participants with her hand made items for future shaper





INTERNATIONAL WOMEN DAY : DATE 18-03-2021



FEMALE STUDENTS SELF DEFENCE TRAINING ON 03MAY 2024

बेटी बचाओं, बेटी पढ़ाओं अभियान के अन्तर्गत उत्कृष्ट कार्य हेतु महिला सशक्तिकरण एव बाल विकास विभाग कैबिनेट मन्त्री श्रीमती रेखा आर्या द्वारा प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय अमोड़ी को पुरस्कृत व सम्मानि किया गया। दिनांक 07 मार्च 2024




nori.in/home/at101/




Excellence Award By Hon. Minister Smt. Rekha Arya,for the "Beti Bachao Beti Padhao" as Women Empowerment to the Principal Prof. (Dr.) Ajita Dikshit, Rajkiya Mahavidyalaya Amori (Champawat). 15000 Rs and Letter of Appreciation



महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग, जनपद चम्पावत

"बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ"

सम्मान/प्रशस्ति पत्र

कु0/श्रीमती....राजकीय महाविद्यालय......पदनाम/पता....अमोड़ी............

को महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में विशेष उपलब्धि/योगदान हेतु "बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ" योजनान्तर्गत अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2024 के अवसर पर सम्मानित किया जाता है। आपका उत्कृष्ट योगदान/उपलब्धि समाज को प्रेरित करने में महत्वपूर्ण है।

हम आपके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| (राजेन्द्र प्रसाद बिष्ट) | (संजय कुमार सिंह) | (नवनीत पाण्डे) |
| जिला कार्यक्रम अधिकारी | मुख्य विकास अधिकारी | जिलाधिकारी |
| चम्पावत। | चम्पावत। | चम्पावत। |

16 August 2024 Cyber Security Program





महाविद्यालय छात्रा स्मार्ट बोर्ड का अभ्यास करती हुई तथा अपने सहपाठियों का समझाती हुई








काफी विथ जिलाधिकारी महोदय, चम्पावत से महाविद्यालय की छात्राओं के द्वारा विकास पर चर्चा

# छात्राओं को मिलेगा कंप्यूटर प्रशिक्षण

**चंपावत।** जिले के डिग्री कॉलेज अमोड़ी में अक्तूबर माह के पहले सप्ताह से छात्राओं को तीन माह का कंप्यूटर प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह पहल बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत की जा रही है।

प्राचार्य डॉ. अजिता दीक्षित और केआईटीएम डिग्री कॉलेज खटीमा के प्रबंध निदेशक कमल सिंह बिष्ट ने बताया कि छात्राओं को तीन माह का कंप्यूटर प्रशिक्षण दिया जाएगा।

प्रशिक्षण के माध्यम से छात्राएं बुनियादी कंप्यूटर कौशल, इंटरनेट और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस उन्नत विषयों के बारे में भी ज्ञान प्राप्त कर सकेंगी। प्राचार्य डॉ. अजिता दीक्षित ने जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला और बाल विकास विभाग का आभार जताया है। 30 छात्राओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

केआईटीएम डिग्री कॉलेज के प्रबंध निदेशक कमल ने बताया कि प्रशिक्षण के बाद उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को प्लेसमेंट और रोजगार के अवसर भी दिए जाएंगे। यह पहल न केवल छात्राओं के भविष्य को उज्ज्वल बनाने में मदद करेगी बल्कि समाज में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। संवाद

**अमर उजाला 24/9/2024**

**अमर उजाला दिनांक25/7/2024**

## छात्राओं को सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन की जानकारी दी

**चंपावत।** डिग्री कॉलेज अमोड़ी में प्राचार्य डॉ. अजिता दीक्षित की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में प्राध्यापक पुष्पा ने बीए प्रथम सेमेस्टर की छात्राओं को महिला सशक्तिकरण और बाल विकास विभाग की ओर से स्थापित सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन के प्रयोग की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जब भी जरूरत हो कॉलेज से सेनेटरी पैड को लिया जा सकता है। प्राचार्य ने मशीन की उपयोगिता और महत्व बताया। यहां दीक्षा, हंसा, भागीरथी, तुलसी, विमला, रश्मि, निर्मला, तुलसी भट्ट मौजूद रहीं। संवाद

# अमोड़ी में आत्मरक्षा के गुर सिखाए

**चम्पावत।** राजकीय महाविद्यालय अमोड़ी में शुक्रवार को एक दिवसीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। प्राचार्य डॉ. अजीता दीक्षित की देखरेख में कार्यक्रम अधिकारी पुष्पा नेगी ने आत्मरक्षा के गुर छात्राओं को सिखाए। ताइक्वांडो की राष्ट्रीय खिलाड़ी चांदनी बोहरा ने आत्मरक्षा करने के हुनर के बारे में जानकारी ही। यहां डॉ. दिनेश गुप्ता, डॉ. संजय कुमार, डॉ. रंजना सिंह, डॉ. रेखा मेहता, अतुल कुमार, संजय सिंह गंगवार नीमा भट्ट, हंसा भट्ट, भावना राणा, देवेंद्र नेगी, ओम प्रकाश आदि रहे।

**Dr. Ajita Dikshit**
Principal
Rajkiya Mahavidyalaya
Amori, Champawat-262523
Uttarakhand